दिनांक–21.11.2024 समय–7.10एएम

<u>प्रादेषिक समाचार एकांश</u>
<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>
<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में आज प्रदेश की पहली मेडिसिटी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का करेंगे भूमि–पूजन।
- प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किए जाने के उद्देश्य से "श्रीकृष्ण पाथेय न्यास" का गठन होगा, प्रदेश मंत्रि–परिषद ने दी मंजूरी।
- निवेश बढ़ाने के मकसद से मुख्यमंत्री डॉ यादव 24 से 29 नवंबर तक जर्मनी और ब्रिटेन का करेंगे दौरा।
- प्रदेशभर में ठंड का असर बढ़ा। भोपाल में तापमान 11 डिग्री तक नीचे गिरा।

**मेडिसिटी–उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भूमि–पूजन करेंगे। चिकित्सा महाविद्यालय 550 बिस्तरों की क्षमता वाला होगा। इसमें 150 मेडिकल छात्रों को चिकित्सा शिक्षा दी जाएगी। लगातार 24 घंटे आपातकाल सेवा देने वाले इस अस्पताल में जनरल और सुपर स्पेशिएलिटी ओपीडी भी होंगे। मेडिसिटी में सुपर स्पेशिएलिटी और मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर, फार्मेसी, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान केन्द्र, अलग–अलग उपचार के लिए वेलनेस केन्द्र, आयुष अस्पताल, पैरामेडिकल कॉलेज, एकीकृत एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा, इको–फ्रेंडली इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ाने की सुविधाएं होंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव चिकित्सा महाविद्यालय के भूमिपूजन के बाद टॉवर चौक पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

**श्रीकृष्ण पाथेय न्यास**

प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 के अंतर्गत "श्रीकृष्ण पाथेय न्यास" का गठन किया जाएगा। न्यास का मुख्यालय भोपाल होगा। इसके लिए 6 पद सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल भोपाल स्थत मंत्रालय में मंत्रि–परिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित क्षेत्रों का साहित्यिक व सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा। न्यास द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों और संरचनाओं का प्रबंधन, सांदिपनि गुरुकुल की स्थापना के लिए परामर्श, सुझाव, श्रीकृष्ण पाथेय के स्थानों का सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यटन की दृष्टि से विकास, पुस्तकालय, संग्रहालय की स्थापना आदि गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित न्यास में कुल 28 सदस्य होंगे। इसमे 23 पदेन न्यासी सदस्य तथा 5 ख्याति प्राप्त विद्वत सदस्य, अशासकीय न्यासी सदस्य के रूप में नामांकित होंगे। अशासकीय न्यासी सदस्यों का कार्यकाल अधिकतम 3 वर्ष होगा। श्रीकृष्ण पाथेय न्यास की अवधारणा के अनुरुप शिक्षा, संस्कृति, कृषि, गौ एवं पशुधन संवर्धन की विरासत का विकास किया जाएगा।

मध्यप्रदेश की सीमा में आने वाले श्रीकृष्ण पाथेय के चिन्हांकित स्थलों के अवलोकन, पुरान्वेषण तथा धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, इतिहास आदि की दृष्टि से रचनात्मक विकास हेतु परामर्श, सुझाव एवं आवश्यकतानुसार कार्यवाही की जाएगी।

मंत्रि–परिषद की बैठक में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा 27 जनवरी, 2022 को घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर स्टॉफ नर्स के पद पर चयनित 209 अभ्यार्थियों को विभाग के अधीन संचालित चिकित्सा महाविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति दिए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके साथ ही उज्जैन मे 127 करोड़, 63 लाख रुपए की लागत की इंगोरिया–उन्हेल के बीच करीब 24 किलोमीटर लंबी दो लेन की सड़क बनाने को भी स्वीकृति दी गई। इस सड़क का निर्माण 127 करोड़, 63 लाख रुपए की लागत से सड़क विकास निगम के माध्यम से किया जाएगा।

<u>**अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव**</u>

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कल दक्षिण एशिया के प्रमुख फिल्म बाजारों में से एक फिल्म बाजार के 18वें संस्करण का शुभारंभ हुआ। आईएफएफआई का एक महत्वपूर्ण खंड, फिल्म बाजार महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं और स्थापित उद्योग के पेशेवरों को जुड़ने, सहयोग करने और सिनेमा के भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए एक गतिशील मंच की पेशकश करता है। इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव और एनएफडीसी के एमडी पृथुल कुमार ने ऑनलाइन फिल्म बाजार पहल की शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह अभिनव मंच वैश्विक खरीदारों और विक्रेताओं

के लिए एक वर्चुअल हब के रूप में कार्य करता है, जहां वे जुड़ सकते हैं, विचारों का आदान–प्रदान कर सकते हैं।

**प्रधानमंत्री–कैरिकॉम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत कैरिकॉम के सदस्य देशों के साथ हमेशा खड़ा रहा है। कैरिकॉम के सदस्य देशों के लिए कोविड या प्राकृतिक आपदाएं, क्षमता निर्माण या विकास जैसे मुद्दों पर भारत एक भरोसेमंद भागीदार की तरह आगे बढ़ा है। कल रात गयाना के जॉर्जटाउन में भारत–कैरिकॉम शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन पांच साल बाद हो रहा है और इन पांच सालों में दुनिया ने कई बदलाव देखे हैं। इस दौरान मानवजाति को कई बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जिसने ग्लोबल साउथ के देशों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

**मुख्यमंत्री विदेश दौरा**

प्रदेश में निवेश बढ़ाने के मकसद से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 24 से 29 नवंबर तक जर्मनी और ब्रिटेन की यात्रा पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल कहा कि प्रदेश में उद्योग और निवेश संवर्धन प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2024 में प्रदेश के विभिन्न संभागों में हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और देश के कई नगरों में हुए इंटरैक्टिव सेशन के फलस्वरुप उद्योगों के विकास का वातावरण बना है। प्रदेश में करीब 2 लाख 75 हजार करोड़ रुपए का निवेश आ रहा है। प्रदेश में 2025 उद्योग वर्ष होगा।

**मौसम**

प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। मौसम केंद्र के अनुसार, राजधानी भोपाल में रात का तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह प्रदेश में चौथा सबसे ठंडा शहर रहा। वहीं पचमढ़ी में सबसे कम न्यूनतम तापमान सात दशमलव आठ डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद राजगढ़ में नौ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। मौसम केंद्र ने अगले कुछ दिनों तक मौसम में सर्दी का असर बने रहने की चेतावनी दी है; बढ़ती सर्दी को देखते हुए डॉक्टरों ने लोगों को ठंडी से बचने लिए सावधानी बरतने और गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- बालाघाट जिले के रूपझर क्षेत्र में नक्सलियों से हुई मुठभेड़ के दौरान घायल हुए हॉक फोर्स के जवान शिव कुमार शर्मा का अब दिल्ली में इलाज होगा। घायल जवान को कल पीएमश्री उपचार योजना के तहत गोंदिया से एयर लिफ्ट किया गया।
- इंदौर में जिला रोजगार कार्यालय, आई टी आई और जिला उद्योग केंद्र के तत्वावधान में कल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवक–युवतियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया गया।
- मंदसौर जिले के भानपुरा मॉडल स्कूल में टीबी रोग के प्रति जन जागरूकता के लिए हेल्थ कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें टीबी से बचाव व लक्षणों की जानकारी दी गई।
- खण्डवा जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आगामी 2 से 18 दिसंबर तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने कल बदरवास क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने ग्राम टीलाकला में स्कूल और आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया।
- खण्डवा जिले में आज से ''पुरूष नसबंदी पखवाड़ा'' का आयोजन किया जा रहा है। यह 4 दिसम्बर तक चलेगा।
- मन्दसौर में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पुजारी परिवार द्वारा कल भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर का 64वां प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया। शाम को काशी विश्वनाथ की तर्ज पर महा आरती और 51 हजार लड्डूओं का भोग लगाया गया।
- साइकिल वितरण योजना के तहत आगरमालवा जिला मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गांव से आने वाली छात्राओं को करीब 140 साइकिलों का वितरण किया गया।
- धार कलेक्ट्रेट सभागार में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजनो का आयुष्मान कार्ड बनाने और राजस्व महा अभियान 3.0 के संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।
- डिंडौरी जिला रोजगार कार्यालय एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

...................................